सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 622/सो.आ.नि.–318(I)/2016
दिनाँकः 05 जनवरी, 2016

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः वर्ष 2016–17 में सोशल आडिट किए जाने हेतु टीमों के गठन के संबंध में।

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्र संख्याः 493/सो.आ.नि.–318(I) /2014, दिनांक 19 नवम्बर, 2015 तथा पत्र संख्याः 567/सो.आ.नि.–318(I) /2014, दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ग्राम पंचायतों में मनरेगा तथा इन्दिरा आवास योजनाओं के अन्तर्गत कराए गए कार्यों के सोशल आडिट हेतु वर्ष 2016–17 के लिए सोशल आडिट टीमों के गठन के सम्बन्ध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस सम्बन्ध में जनपदों से सूचना प्राप्त हो रही है कि अभी तक टीमों के गठन के लिए पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हो सके हैं, इसलिए अंतिम तिथि बढ़ाया जाना आवश्यक होगा।

अतः उपर्युक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत टीम गठन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक **28 फरवरी, 2016 तक विस्तारित** की जाती है। कृपया सोशल आडिट टीमों के लिए आवेदन पत्र दिनांक 28 फरवरी, 2016 तक प्राप्त करते हुए उसके उपरान्त टीमों के गठन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

पत्रांकः– 622/सो0आ0नि0–318(I)/2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग (अनुभाग–7), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
3– समस्त जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(राजवर्धन)
निदेशक।